भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहिन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटावे (यथा—ल० तृ०–शे। द × मं = यो. शे.—यो. = शे.) शेष राशि में जब गोचर का शनि होता है तब भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, मंगल इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर शनि होता है उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

(२) सुखेश, चन्द्रमा या इनके साथ वाला ग्रह सुखस्थ ग्रह चतुर्थ भाव पूर्णदर्शी ग्रह इनमें जो माता के लिये विशेष अरिष्टकारी ग्रह हो उस ग्रह की दशान्तर्दशा में माता को कष्ट होता है।

ग्रहाणां दृष्ट्यादिचक्रम्

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः
३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	०	३।१०	३।१०	ग्रहाणां एकपाददृष्टिः
५।९	५।९	५।९	५।९	०	५।९	५।९	५।९	५।९	द्विपाददृष्टिः
४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४२	ग्रहाणां वर्षाणि
हरिवंश श्रवण	त्रिपुर जप	रुद्री जप	कांस्य दान	अमावस्या व्रत	गोरक्षा	मृत्युञ्जय जप	भुजग दान	ध्वज दान	नष्टग्रहस्य वर्षे दानोपायसाधनं
कृ. उफा. उषा.	रो. ह. श्र.	मृ. चि. ध.	अश्ले. ज्ये. रे.	पुन.वि. पू. भा.	भ. पूफा. पू. षा.	पुष्य. अ. उ. भा.	आर्द्रा स्वा. श.	म. म. अश्वि.	विंशोत्तरी नक्षत्राणि
६	१०	७	१७	१६	२०	१९	१८	७	विंशोत्तरी वर्षाणि
चं. मं. बृ.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. ग. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बु	मित्र-ग्रहाः
बु.	मं. श. गु. शु.	शु. श.	मं. श. गु.	श. रा.	मं. गु.	गु.	गु.	०	सम-ग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रु-ग्रहाः
मेष १०	वृषभ ३	मकर २८	कन्या १५	कर्क ५	मीन २७	तुला २०	मिथुन १५	धनु १५	उच्चराशयः परमोच्चांशाः
तुला १०	वृश्चि. ३	कर्क २८	मीन १५	मकर ५	कन्या २७	मेष २	धनुः १५	मिथुन १५	नीचराशयः नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे.वृश्चि.	मि. क.	ध. मी.	वृष. तु.	म. कु.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पु. स्त्री. नपुंसक
चतुरस्र	व. स्थूल.	चतुष्को.	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ	आकार
मध्याह्न	अपराह्ण	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्ण	अपराह्ण	अपरा.	अपरा.	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षिस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू.	दग्ध	श्मशान	वाणी	जलभू	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	वायु	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थान

राशिज्ञाने विशेषः

नक्षत्र वा राशि में श और स में व और व में कोई भेद नहीं होता, तथा जिस के नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगवाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तवादिमाक्षरम्)

अथ नक्षत्रराशिज्ञानचक्रम्

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.
प्रथमचरण	चू	ली	आ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हू	डी	मा	मो	टे
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०

राशयः	कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	ना	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय च०	टो	ष	पो	०	रे	तु	०	नी	या	यो	ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

नाम्नि ङ्लृक्[2] अनुस्वारमात्रायां न भवन्ति ते। चेद्भवन्ति तदा ज्ञेया इ उ ए च यथाक्रमम् ॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युःकथञ्चन। ततःपश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषितै येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णं या मात्रा स्वरः स एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशिः—नामराश्यो प्रधानता निर्णीयते-विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश[3] कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाच्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णयः—वैश्वप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतो भिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५ वां भाग जोड़ के उसके चार भाग करो, उसको अभिजित् का एक चरण मान कर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढा का एक एक चरण मानो। श्रवण का १५ वां भाग छोड़ के जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण का १–१ चरण मानो। उस प्रकार को प्रायः सामान्यगणक नहीं जानते एतदर्थ यहाँ लिखा गया है। (अपने बच्चों का सुन्दर व शुद्ध नाम रखना चाहते हो तो "नामाभिधान कल्पलता" मोतीलाल बनारसीदास, नैपाली खपरा, पो० ब० ७५ बनारस से मँगाइये। मूल्य १।) रु०।)

नक्षत्र विषघटी ज्ञानम्—अब विषघटी के स्पष्ट करने की क्रिया समझ लीजिये। क्योंकि नक्षत्रगुणज्ञानचक्र में नक्षत्रों की विषघटी के मध्यम ध्रुवांक लिखे हैं, इनका स्पष्ट ऐसे करना यथा—जिस दिन विषघटी देखना है उस दिन के सर्वर्क्ष से उसी नक्षत्र के ध्रुवांक को गुणाकर ६० का भाग देने से जो लब्धि मिले वही विषघटी के प्रवेश का समय है और विष-घटी ४ घटी की होती है। इनका भी स्पष्ट करना जरूरी है। उदाहरण—मघा के सर्वर्क्ष ५५ को मघा के ध्रुवांक ३० से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्धि २७।३० मिले, बस इसी समय से विषघटी का प्रारम्भ हुआ, विषघटी ४ को ५५ से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध ३।४० मिले, बस इतने समय तक अर्थात् २७।३० से ३१।१० तक शुभ कार्य नहीं करना।

टिप्पणी—(१) जजोर्झः, यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकरराशिः। कषसंयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं ग्यालारामस्य कुम्भराशिः। (२) यथा-ऋषभदेवः ऋतकरामः लृनरामः। (३) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रमप्राशने क्रमात्। चूड़ोपनयनं वेद-व्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेषलोन्मोक्षौ विवाहः षोडशक्रियाः॥

जन्मकुण्डली से विशेष विचार और इष्टशुद्धि

लघु भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़े जो राशि हो, उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह, तृतीयेशस्थ राशीश की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहिन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटावे (यथा—ल० तृ०—शे०। द × मं = यो. शे.—यो. = शे.) शेष राशि में जब गोचर का शनि होता है तब भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, मंगल इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर शनि होता है उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

(२) सुखेश, चन्द्रमा या इनके साथ वाला ग्रह सुखस्थ ग्रह चतुर्थ भाव पूर्णदर्शी ग्रह इनमें जो माता के लिये विशेष अरिष्टकारी ग्रह हो उस ग्रह की दशान्तर्दशा में माता की कष्ट होता है।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवम स्थानेश की दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्री सुख होने का समय जानना-(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) श० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—(१) गुलिकस्पष्ट से सूर्यस्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में गोचर का शनि जब हो तब पिता रोगग्रस्त होता है। और उक्त शेष राश्यादि के समय जब गोचर का गुरु होता है तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उसकी दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

पराशरोक्त प्राणपद से जन्मेष्ट काल शुद्ध करना—जहाँ अटे-सटे से लग्न बनाया गया हो, या जन्मपत्री के लग्न की अपेक्षा लग्न अधिक शुद्ध देखना हो तो इष्टकाल की घड़ियों को ४ से गुणा करें। पल १५ से अधिक हों तो १५ का भाग देकर जो लब्ध आवे वह चारगुणी की हुई इष्ट घटी के अंक में मिला दें। १५ का भाग देने से जो शेष फल रहें उनको दुगुने कर चतुर्गुणित इष्ट घटी के नीचे रखना। पश्चात् १२ का भाग देना शेष राशिअंश बचे उनमें स्पष्ट सूर्य यदि चरराशि का हो तो ज्यों का त्यों, स्थिर में हो तो ८ राशि मिलाकर, द्विस्वभाव, में हो तो ४ राशि मिला देने से राश्यादि प्राणपद बन जाता है। प्राणपद मनुष्यों की कुण्डली में प्रायः १।५।९ स्थान में, पशुओं की कुण्डली में २।६।१० स्थान में, पक्षियों की कुण्डली में ३।७।११ स्थान में और कीट सर्प जलचर जन्तुओं की कुण्डली में ४।८।१२ स्थान में रहता है। लग्न के व प्राणपद के अंश सदा एक समान रहते हैं।

भावीविचार

(१) पौष मास में मूल नक्षत्र से लेकर भरणी नक्षत्र तक के ११ नक्षत्रों को ध्यान पूर्वक देखकर कापी में लिख रक्खें, यदि इन दिनों में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र से लेकर विशाखा तक ११ नक्षत्रों में वर्षा होवे। अर्थात् मूल नक्षत्र में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र वर्षता निकले। ऐसे ही पूर्वाषाढा से पुनर्वसु, उत्तराषाढा से पुष्य, श्रवण से आश्लेषा, धनिष्ठा से मघा, शतभिषा से पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद से उ. फा. उ. भा. से हस्त. रेवती से चित्रा, अश्विनी से स्वाति और भरणी से विशाखा नक्षत्र में वर्षा होवे॥ सुज्ञ जनों को चाहिये कि इन दिनों को अवश्य देखें और विचारपूर्वक अपने पास नोट कर लें जिस से वर्षा का अन्दाजा ध्यान में रहे॥

(२) माघशुक्लसप्तमी को पूर्व उत्तर की वायु चले आकाश बादलों से ढका रहे वा बिजली चमके तो आगामी वर्ष अच्छा होना है, इस दिन आकाश निर्मल हो तो दुर्भिक्ष पड़ता है, निश्चय है।

(३) माघशुक्लनवमी को बादल या वर्षा आदि हो तो भाद्रपद में वर्षा अच्छी होती है।

(४) चैत्रकृष्ण में आकाश का निर्मल रहना अच्छा है, यदि यहाँ मूल से भरणी नक्षत्र तक बादल व वर्षा हो तो अनावृष्टि होती है। पौष में तो इन नक्षत्रों में बादल होना अच्छा है और इधर इस मास में निर्मल रहना अच्छा है॥ २६

(५) चैत्रशुक्लप्रतिपदा को वर्षा बिजली या मेघ गर्जन हो तो श्रावण भाद्रपद में वर्षा की खेंच जरूर होती है॥

(६) अश्विनी भरणी नक्षत्र पर सूर्य रहते यदि वायु-शास्त्र सम्बन्धी कोई वर्षा-नाशक अपयोग बना हो, परन्तु कृत्तिका के सूर्य में बिजली छींटें आदि हो जायँ तो अशुभ फल नहीं होता है। रोहिणी में तपे, कृत्तिका में छींटें बिजली वा वर्षा हो और मृगशिरा में वायु चले तो वर्षाकाल में अच्छी वर्षा होती है, परन्तु रोहिणी में मेघ गर्जे, थोड़ी वर्षा हो या वायु चले, कृत्तिका में तपे पर मेघ गर्जन बिजली छींटें न हों, मृगशीर्ष में तपत हो तो वर्षा में खेंच होती है और दुर्भिक्ष पड़ता है॥

(७) कृत्तिका में यदि वर्षा बूँदा बाँदी हो जाय तो वायुमण्डल में पहले कुछ अशुभ योग भी हुए हों तो उनका बुरा फल नहीं होता, वर्षा काल में अच्छा पानी वर्षता है। अतः कृत्तिका के सूर्य में बूँदा-बाँदी बिजली बादल का होना अच्छा है।

(८) रोहिणी पर सूर्य को अच्छा तपना चाहिये, गर्मी अधिक हो तो वर्षा श्रेष्ठ, वायु अधिक हो तो वर्षा की खेंच और वर्षा हो तो पहिले वर्षा की खेंच होकर पीछे वर्षा होती है, इन १५ दिनों में वायु, बादल, बिजली वर्षा होना हितकर नहीं, स्वच्छ धूप पड़नी चाहिये, रोहिणी में बूँदाबाँदी होने पर वर्षा की खींच जरूर होती है यह अनुभवसिद्ध है, आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु अच्छी होने पर भी इसके खेंच का असर तो पहिले होता ही है॥

(९) मृगशिरा नक्षत्र पर सूर्य रहे तब तक जोर का पवन चलना अच्छा है, यदि वायु न चले तो वर्षा देर से आती है और कम भी होती है॥

जीवन को सुखी बनानेवाली आदर्श पुस्तक

सफल जीवन

लेखक–प्रो० रामचंद्र शर्मा एम. ए.

सुखी जीवन के लिये हर एक मनुष्य लालायित है। पर साधारण वास्तविक सुख क्या है नहीं समझता और अज्ञान के कारण ही ठोकरें खाता फिरता है। लेखक ने साधारण जनता की इसी त्रुटि को अनुभव करते हुये शास्त्रों के आधार पर सच्चा सुख क्या है और उसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है, तथा मनुष्य जीवन का उद्देश्य, धर्म और आचार, सफलता के साधन, सत्य और प्रिय भाषण, ब्रह्मचर्य, छूआछूत सन्तोष की आवश्यकता, स्वाध्याय, श्रद्धा और भक्ति, आसन प्राणायाम आदि मनुष्य जीवन से सम्बन्धित सैंकड़ों विषयों को इस पुस्तकमें दर्शाया है। जो मनुष्य अपने जीवन में वास्तविक सुख का आनन्द लेना चाहते हैं उन्हें एकबार अवश्य इसे पढ़ना चाहिए।

मूल्य ३)

वर्षा विज्ञान

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र पर रहते नीचे लिखे दिनों में जहाँ कहीं थोड़ी सी वर्षा हो तो इतने दिनों तक वहाँ वर्षा न होवे। जैसे रोहिणी में सूर्य प्रवेश के प्रथम दिन थोड़ी-सी वर्षा हो तो उस दिन से ७२ दिन तक वर्षा की खैंच रहती है। सूर्य रोहिणी पर

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
७५	५०	४५	४२	३६	३४	२१	३०	२८	२४	२१	१६	१२

रहे उन दिनों में गर्मी ज्यादा पड़े तो आगे वर्षा श्रेष्ठ। वायु से राजाओं में विग्रह। थोड़ी वर्षा से संवत् नेष्ट, दैवात् यदि अधिक वर्षा हो जावे और नदियों में वर्षा का जल भी चल पड़े तो अशुभ फल नष्ट होकर वर्षा अच्छी होती है। उन दिनों में बिजली से वर्षा की कमी। अधिक दिन की बिजली से शुभ, बादल की दिशा में वर्षा की कमी। निर्मल दिशा में वर्षा अधिकहोतीहै।

वर्षा ज्ञानसारिणी

दिसंबर	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जून जुलाई	१४ जू.	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	१ जु.	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
जनवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जुलाई अगस्त	जु. १५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	अ. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
फरवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८			
अगस्त सितंबर	अ. १५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	सि. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
मार्च	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
सितंबर अक्टूबर	सि. १२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	अ. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अप्रैल	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	
अक्टूबर नवंबर	अ. १३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	न. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

वर्षाज्ञान सारणी से वर्षा जानने की रीति—दिसंबर, जनवरी, फरवरी व मार्च इन चारों मासोंकी तारीखों में जिन जिन तारीखों में जहाँ वर्षा होती है उसके हिसाब से ही वर्षा ऋतु में जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर इन चार मासों में वहाँ वर्षा प्रायः हुआ करती है। प्राचीन ज्योतिष के वृष्टि विज्ञान के सिद्धांत से आधुनिक समय के अनुसार भारत में १२ दिसंबर के बाद ही शीतकाल में वर्षा साधारण रूप से होने का नियम है। जैसे मान लो कि शीतकाल में लुधियाना में १९ दिसंबर को वर्षा हुई है तो वर्षा ऋतु में वहाँ २ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार मान लिया कि शीतकाल में १५ जनवरी को देहली में वर्षा हुई है तो ऊपर की वर्षा ज्ञानसारणी यह बता देगी कि वर्षा ऋतु में वहाँ २९ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार जैसे कि २२ फरवरी को शीतकाल में कहीं वर्षा हुई हो तो वहां ५ सितम्बर को वर्षा होगी। इसमें ज्योतिष शास्त्र के विज्ञान का नियम यह भी है कि जिन-जिन तारीखों में शतभिषा श्लेषा मघा स्वाती आर्द्रा नक्षत्र पड़ जायें और उन तारीखों में वर्षा हो जाय तो आगे वर्षाऋतु में जो तारीखें सारणी में आकर पड़ेंगी उन तारीखों में वर्षा अवश्य होगी और अधिक भी होगी, क्योंकि यह नक्षत्र बहुत जलवाले माने जाते हैं इसी प्रकार शीतकाल में जिन-जिन तारीखों में पू. भा. उ. भा. पू. फा. उ. फा. रोहिणी ये पाँच नक्षत्र पड़ जावें और उन तारीखों में वर्षा हो जाय तो आगे वर्षा ऋतु में जिन महीनों की जो तारीखें सारणीमें पड़ेंगी उनमें कई दिनों की वर्षा की झड़ी लगेगी। वर्षा जानके लिये शीतकाल में होनेवाली वर्षा की तारीखवार टाइम सहित नोट कर के देखने से वर्षा ऋतुकी वर्षा का ज्ञान ठीक हो सकता है, विशेष सूक्ष्मताके लिये मेघगर्भ तथा ग्रहोंका सप्तनाड़ी चक्रादि विचार करना चाहिये।

अथ अनावृष्टिशान्तिप्रयोग

गंगा, यमुना आदि महानदी को छोड़ के अन्य किसी नदी के तट पर वा तालाब वा वन वा शिव के मन्दिर में जाकर वहाँ मेघों का आवाहन करे। कमल के आकार का अष्टदल का यंत्र बना के उसमें पर्जन्य सहित सातों मेघों को स्थापन करके कनेर के पीले लाल तथा श्वेत पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, आदि से पूजा करे। (मेघों के नाम और आवाहन मंत्र) ॐ ह्रीं मेघदूताय नमः आगच्छ २ स्वाहा ॥१॥ ॐ ह्रीं मेघदूती कमलोद्भवाय नमः आगच्छ २ स्वाहा ॥२॥ ॐ ह्रीं महानीलराजाय हिमवद्वासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥३॥ ॐ ह्रीं नन्दकेश्वराय जठरनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥४॥ ॐ ह्रीं सिंहराजाय कैलाश-निवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥५॥ ॐ ह्रीं कुम्भराजाय वामश्रृंङ्गमेरुनिवासाय मेघ-राजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥६॥ ॐ ह्रीं नन्दराजाय दक्षिणश्रृंगमेरुनिवासाय मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥७॥ फिर नाभि मात्र जल में खड़ा होवे ऊपर लिखे प्रत्येक मंत्र को १०००-१००० जपे पश्चात् गुगल, श्वेत चन्दन, अगर, कनेर के पुष्प और बहुत-सी शहद, तथा घृत की १०८-१०८ आहुति प्रत्येक मंत्र से दे तो निश्चय ही वर्षा होवे ॥ अतिवृष्टि शान्ति प्रयोग। "ॐ नमो हनवन्त वीर अंजनी पवन देवता की आण जहू ऐसी मेघ मण्डली वर्षसी इत उत फूट सत खण्ड जावसी।" ॥ अति वर्षा के समय इस मंत्र का ७–७ बार जाप करके तीन बार ताली बजाकर आकाश की ओर मुख करके फूँक मारने से अतिवर्षा करते हुवे मेघ भी तत्काल फट जावे। इसी मंत्र को जपता हुआ बर्षते हुए पानी को झाड़ू से दूर करके उस झाड़ू को सीधा खड़ा कर दे तो वर्षा बन्द हो जावे। मन्त्र को पहले दीपमाला में जपकर सिद्ध करले ॥

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २०११ वि.

राशय.	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
मेष	लाभ उत्तम, स्त्रीचिन्ता, संतति सुख, कारोबार में वृद्धि।	विवादमें जय, लाभ अच्छा बन्धुमेल, घरमें रोग, यात्रा।	शत्रुहानि, कारोबार ढीला शरीर निर्बल, बन्धु-चिन्ता, दुःस्वप्न।	उदर विकार. सत्कार्य में व्यय, स्त्री कष्ट, यश-लाभ, पद वृद्धि।	बन्धुसुख, दुष्टसंग, वृथा खर्च, कारोबार श्रेष्ठ-शिरपीड़ा।	वायुपीड़ा, विवाद वृथा, दिलमें अशान्ति, कारोबार मध्यम।
वृष	स्वास्थ्य ठीक, शत्रुनाश खर्च अधिक, लाभ में रुकावट।	शिरमें पीड़ा, लाभसे खुशी, अग्निभय, पड़ोसियों से मिलाप।	बन्धुओंसे बिगाड़, कष्ट कारोबार अच्छा, नये-काम का विचार।	शत्रुनाश, इच्छितकार्य सफल, वायुपीड़ा, धन लाभ।	लाभ अच्छा, साधु-संग, स्त्रीकी फिकर, बिगड़ा-कार्य बने।	बन्धुसुख, शत्रु कुछ न बिगाड़ सकें, भूमि से लाभ, कुटुम्बचिन्ता।
मिथुन	शुभ में खर्च, यात्रा परि-वार चिन्ता, यशवृद्धि, लाभ अच्छा।	लाभ की चिन्ता, स्वास्थ्य में गड़बड़, शत्रुनाश, विवाद में जय।	गत मास की अपेक्षा लाभ-अच्छा रोगभय, यात्रामें कष्ट।	लाभ हो, पर खर्च हैरान करे, कारोबार ठीक, स्त्री-चिन्ता।	व्यापारादिसे लाभ, संतति सुख, उदरविकार मनमें उद्वेग।	द्रव्य लाभ उत्तम, पुत्र-स्त्रीकी चिन्ता, यशवृद्धि, शत्रुभय।
कर्क	शत्रु भय, स्वास्थ्य ठीक लाभ उत्तम, राजपक्षकी चिन्ता।	स्वामी-कोप, यात्रा, नेत्र-पीड़ा, ऋण का प्रसंग बने	मानसिक चिन्ता, घरमें-रोग, बन्धुओं से अनबन लभ कम।	घरू चिन्ता, लाभमें रुका-वट, राजपक्षसे फिकर, वायुपीड़ा।	आमदनीसे खर्च अधिक, पुण्यमें रुचि, ज्वर भय, तेज हानि।	आपके विरुद्ध विचार फैलें, मित्र द्वारा शत्रुनाश, लाभ मध्यम।
सिंह	पराक्रम उत्तम, संतति-कष्ट, शत्रुनाश, वृथायात्रा खर्च ज्यादा।	कुटुम्ब में क्लेश, कारोबार में वृद्धि, वृथा विवाद, पित्त पीड़ा	उद्योगसे सफलता स्वा-स्थ्य ठीक. अकस्मात् यात्रा, चौरभय।	पुत्रादिककी चिन्ता, स्वा-स्थ्य मध्यम, कारोबार ठीक, मित्रसुख।	महापुरुषसे मेल, मित्र-विरोध, धनकी चिन्ता हौंसला ठीक।	प्रत्येक कार्यमें उन्नति, मनमें क्रोध बढ़े, झूठे कलंक का भय।
कन्या	धर्म में प्रवृत्ति, कार्यमें विघ्न, गुप्त चिन्ता, कारोबार ढीला।	शत्रु गुप्तरूपसे हानि करें, लाभ मध्यम, शुभमें व्यय,	मस्तक पीड़ा, बुद्धि मलीन यात्रा, नीच से भय. लाभ-मध्यम।	लाभकी चिन्ता, शत्रुभय, पशु-कष्ट स्त्री-सुख, उदर-विकार।	लाभ खर्च सम, गृहभूमि की चिन्ता, चौरभय यात्रा से कष्ट।	प्रसन्नताके कार्य में विघ्न, मित्र वियोग, उदासी, घरेलूचिन्ता।
तुला	वृथा यात्रा, पराक्रम-ठीक, बन्धु चिन्ता, खर्च से हैरानी।	बन्धु कष्ट, उदासी, धर्म-मेंख्याल, लाभ से खर्च-अधिक।	कार्यमें विघ्न, राजभय शिर वा कानमें कष्ट. कारोबार ढीला।	शुभमें प्रवृत्ति, कारोबार साधारण, वायुपीड़ा, मित्र-वियोग।	नेत्र-कष्ट, रोजगार-चिन्ता, नये काममें रुकावट, बन्धु पीड़ा।	विचारकी विचित्र तरंगें उठें, नौकरसे सावधान, लाभ कम।
वृश्चिक	बने बनाये काम में बिगाड़ लाभ कम, कमरतोड़ खर्च, चिन्ता।	पशुपीड़ा, वाहनभय, लाभ होकर भी न मिले यात्रा हो।	कोपमें कमी, इज्जतकी चिन्ता, नये कामका विचार, धर्ममें ध्यान।	पैसे की तंगी, मित्र तथा राजरोग भय, वृथायात्रा, असंतोष।	चिन्ता फिकरमें शरीर दुर्बल, कार्यान्तर का विचार, स्त्रीसुख।	चिन्तामें कुछ कमी, वृथाखर्च, देशान्तर का विचार, मानभय।
धनु	स्वास्थ्य खराब, शत्रु-वृद्धि लाभ अच्छा संत-ति सुख मित्र मिलाप।	रक्तपित्त पीड़ा, शत्रुहानि, कारोबार ठीक, पुत्र स्त्री-सुख	सफलतामें रोक, शत्रुभय मासका मध्य शुभ, बन्धु-सुख।	बन्धु-सुख, परोपकारमें चित्त, लाभ मध्यम रक्त-पित्त पीड़ा।	धनलाभ, मित्र-मिलाप, कारोवारमें गड़बड़ी, शत्रु भय।	स्वास्थ्यमें बिगाड़, लाभ, मध्यम।, चित्तमें उद्वेग, घरेलू खर्च बढ़े।
मकर	स्वास्थ्य में गड़बड़ी, संतानपक्ष से खुशी, कारोबार उत्तम।	नेत्र वा शिर में पीड़ा लाभ अच्छा, पुत्र चिंता यात्रा कष्ट।	धर्ममें खर्च, स्थानान्तर उदर-विकार, लाभमध्यम।	द्रव्य-प्राप्ति, यशला०, विवाद चिन्ता, उद्योग सफल, शत्रुभय।	लाभ होकर भी न मिले, बन्धु-सुख, राजपक्ष शुभ, पशु-पीड़ा।	धनहानि, शोक, मासके अंतमें शान्तिसुख, यात्रामें कष्ट।
कुम्भ	लाभ अच्छा, चित्त अशान्त, यात्रा, शत्रुभय, स्त्री-सुख, मित्र-लाभ।	धर्ममें अरुचि, स्वास्थ्य मध्यम, उत्साह बढ़े कारो-बार अच्छा।	पुत्र-स्त्री चिन्ता, वृथा-भय, कारोबार ठीक यात्रा. यश की चिंता।	गृह मित्र वाहन सुख शत्रु विजय, स्त्री-सुख, लाभ,	स्वास्थ्यमें बिगाड़, कारो-बार ठीक, संतति कष्ट, यात्रामें भय।	कारोबार मध्यम, अक-स्मात् लाभ, धर्ममें अरुचि, वृथा चिंता।
मीन	किसी झगड़े में मन पड़ो, बन्धुसुख, अकस्मात्	राजपक्षसे भय, कारो-बार में विघ्न, मित्र	लाभ कम, कारोबार की चिन्ता. बन्धुसुख, विवाद	लाभ होकर भी चला जाय, विचार अस्थिर,	लाभ मध्यम, बन्धुकष्ट, जल वा शत्रुभय. बुद्धि	लाभ अच्छा, कफ वायु पीड़ा, नया उद्योग, धर्ममें

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २०११ वि.

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २०११ वि.

राशयः	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र
मेष	मकानादिककी चिन्ता, स्त्री कष्ट, नीचसे लाभ, स्वास्थ्य में बिगाड़ ।	संतानसे खुशी, राज्यमान, हौंसला बढ़े, अग्निभय, गुप्त चिन्ता ।	अचानक श्रेष्ट लाभ, कारोबार ठीक, सफर में भय, स्त्री चिंता ।	हौंसला बढ़े, लाभ अच्छा, राज्यमान, शुभमें खर्च मन में खुशी ।	सुख उत्तम, राज्यमें विजय, वायु विकार, पशुलाभ, लाभ हो ।	लाभकम. साधुसंगति, मित्र मिलाप नष्ट वस्तु लाभ ।
वृष	मित्र बन्धुसे लाभ, संतानसे खुशी, कारोबार ठीक, शत्रु हानि हो ।	कारोबार ठीक, लाभ अच्छा, कार्य्य सिद्धि, स्त्री चिंता, मान वृद्धि ।	प्रेमीसे मेल, राजपक्ष-मध्यम , कारोबार बढ़े, शुभमें प्रवृत्ति ।	शरीर तंदुरुस्त, लाभ मध्यम, यात्रामें कष्ट, कारोबार ढीला ।	अचानक उत्तम, लाभ,सन्त समागम, मित्रसे सन्तोष ।	लाभ होते २ रुके, शिर वा नेत्र कष्ट, बान्धवोंसे खुशी ।
मिथुन	कार्य सफल, मनमें खुशी, लाभ विशेष, यात्रामें कष्ट, वायु पीड़ा	लाभ अच्छा, बन्धुसे बिगाड़, गुप्त चिन्ता, विदेश गमनका विचार ।	राजपक्ष शुभ, स्वास्थ्यमें गड़बड़, स्त्री-कष्ट, मास का अन्त श्रेष्ट ।	स्त्रीपुत्रसे खुशी, कारोबार में वृद्धि, बन्धुओंसे मन खिन्न ।	कारोबार में लाभ, नये मित्र से प्रेम, यात्रासे खुशी, दुःस्वप्न	अकारण विवाद, लाभ अच्छा, राजमें मान कारोबारमें उन्नति ।
कर्क	चित्त खिन्न, चोरभय, पुण्यमें ध्यान, झगड़े से हैरानी ।	लाभ होते २ रुके, नये-काम का ख्याल, स्वास्थ्य ठीक, पशुपीड़ा ।	लाभ कम, सफर, शत्रु वृद्धि, संत समागम, वृथा खर्च ।	व्यापारादिसे लाभ, अकस्मात् खर्च, बन्धुओंसे विवाद शत्रु वृद्धि ।	खुशीके कार्यों में खर्च झगड़ेका कष्ट लाभ भी हो, वाहन भय ।	कारोबार द्वारा लाभकम, स्त्रीकष्ट, यात्रा से फायदा शत्रु चिन्ता ।
सिंह	लाभ अच्छा, शुभमें खर्च, पुत्र, स्त्री, द्वारा खर्च, वृथा संकट ।	स्वास्थ्य ठीक, कार्य में, विघ्न, लाभखर्च सम, मासका अन्त सुखप्रद ।	स्वास्थ्य अच्छा संतति रा खर्च, कारोबार ठीक, वृद्ध स्त्री चिन्ता ।	सन्ततिसुख, तीर्थ वा संत दर्शन, कारोबार श्रेष्ट, सफर ।	स्वास्थ्य मध्यम, बन्धुकष्ट, विवादसे हानि लाभ खर्च सम ।	पुत्र-स्त्री चिन्ता, कारोबार, श्रेष्ठ, सवारी से भय, शत्रु नाश ।
कन्या	खर्च बढ़े, लाभ कम, गुप्त चिन्ता, शत्रुभय, देह पीड़ा, पशु हानि ।	स्त्री-पुत्र का कष्ट, अचानक यात्रा, कारबार की चिन्ता, मित्र वियोग।	जिम्मेदारी बढ़े, लाभ हो कर फिर हानि, यात्रा कष्ट साधु-संगति ।	पशुपीड़ा, शत्रु वृद्धि, कारोबार मध्यम, राज्यसे भय, गुप्त चिंता ।	शत्रुहानि मित्रसे बिगाड़, धनकी चिन्ता, सफरसे लाभ, दुःस्वप्न ।	संतति सुख, वायु विकार कारोबार मध्यम, लाभ में विघ्न ।
तुला	स्त्रीपुत्रसे कष्ट , मान भंग-अपने ही शत्रु बनें लाभ की चिन्ता ।	गतमास की अपेक्षा लाभ अच्छा, पशुपीड़ा, रोगभय, चिन्ता	कारोबार की चिन्ता, अकस्मात् कुछ लाभ, शिर में पीड़ा ।	किसी कामके बिगड़ने से कष्ट, लाभ खर्च सम, संतानसे खुशी ।	कारोबार ढीला, मास का आदि भाग शुभ हिस्सेदार की चिंता ।	हौसला कम, आमदनीसे खर्च अधिक, स्वास्थ्यमें गड़बड़ी ।
वृश्चिक	सफर वा बन्धु खर्च व्यवसाय की चिंता, कार्य-हानि ।	चित्त खिन्न, नये कार्यमें हानि, नीचसे विवाद, खर्च से हैरानी ।	स्वजातिमें विवाद, छाती वा मस्तक में कष्ट, लाभमें विघ्न ।	लाभ साधारण, कार्य सिद्धि की चिन्ता, विवादसे हानि मित्र विरोध ।	बन्धुवर्गसे कष्ट, मनचंचल चौरभय । कारोबार की चिन्ता ।	चिन्ता अधिक लाभकम खर्च विशेष, मास के अंत में सुख ।
धनु	सुख कम, झगड़ेकी चिन्ता, लाभ कम, वाहन भय, वायु पीड़ा ।	शिर वा उदरमें विकार, बन्धु विरोध, शुभमें खर्च, लाभ अच्छा ।	स्वास्थ्यमें गड़बड़ी, स्त्री सुख, श्रेष्ठ, गुप्त चिन्ता राजभय ।	शरीर सुखी, कारोबारमें नुकसान, इज्जत बचे, बन्धु चिन्ता ।	लाभ खर्च सम, शत्रु प्रबल, सुतमित्र की चिंता मास मध्य शु. ।	बुद्धि भ्रम संतति सुख शुभ कार्यमें व्यय, लाभमें विघ्न
मकर	कभी सुख कभी दुःख, शत्रुवृद्धि, यात्रामें हानि व्यवसाय ढीला ।	दोषमें कमी, बन्धुचिन्ता कारोबार मामूली, साधु-संगति, स्त्रीसुख, ।	लेन-देन में कठिनाई,वायु-पीड़ा लाभ खर्च सम, चित्त अशान्त ।	लाभ कम गुप्तचिन्ता, शिर वा छातीमें पीड़ा नौकरसे सावधान ।	शरीर कष्ट नया झगड़ा लाभ अच्छा, राजपक्षसे चिन्ता ।	मनमें घबराहट, बड़े आदमी से मिलाप, मासका अंत शुभ ।
कुम्भ	लाभ अच्छा, संतति-चिंता लाभ खर्च दोनों बढ़े, मान-वृद्धि, दुःस्वप्न ।	शत्रुभय, राजसे मान, लाभ मध्यम शीतसे कष्ट, चिन्तादूर, ।	शत्रुवृद्धि, लाभ अच्छा कुटुम्बसे दुःख, शुभमें प्रवृत्ति ।	शीत पीड़ा, कार्यान्तर वा स्थानान्तर का विचार, स्त्री-सुख, लाभ ।	यात्रामें खर्च, कारोबार श्रेष्ठ, नये काम का विचार वायु पीड़ा, ।	शत्रु नाश, बन्धुप्रेम, स्वास्थ्य मध्यम, लाभ अच्छा यात्रा चिन्ता
मीन	शुभमें प्रवृत्ति, बन्धुकष्ट, लाभ मध्यम शत्रु चिन्ता पशुपीड़ा ।	लाभसे खर्च अधिक, धर्ममें रुचि, यात्रामें कष्ट मन खिन्न ।	चित्त भ्रम, लाभसे खर्च अधिक, राजपक्षकी चिंता, स्त्री-कष्ट ।	हौंसला कम, राजपक्ष से भय, दुःखद समाचार की प्राप्ति ।	शत्रु वृद्धि होकर नाश, लाभकी चिन्तामें भ्रमण, धर्ममें रुचि ।	राज से भय, लाभसाधारण, कार्य सिद्धि की चिन्ता शत्रु पीड़ा,

चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने । समस्तजगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम् । संवत्सरफलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सम्यक् विचार्यगणितं दैवज्ञजनतुष्टिदम् । मुकुन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ॥३॥
अनेन धार्मिकजनः कालज्ञानसहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ॥४॥
तिथिर्वारञ्च नक्षत्रं योगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नानफलं लभेत् ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वज लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित करें, मङ्गल स्नान कर देवता, ब्राह्मण, गुरुकी पूजाकर, स्त्रियाँ शिशु आदि-वस्त्र आभूषण आदि परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषीजीका सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवण करें। प्रातःकाल में कटुनिम्बके कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें कालीमिर्च, हींग, नमक (सैंधा) अजवायन, जीरा और खांड मिलाकर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह भक्षण करें, इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है (वर्ष पर्यन्त ज्वरादि बीमारी नहीं होती)।

पञ्चाङ्गस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें, मिष्ठान्न आदि भोजन करावें, गीत (गायन) वाद्य कथा श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलासयुक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाताहै।

ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्ररुगादिवर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्यसंकुलाः ॥१॥ शाकस्य श्रवणात्सुपुण्यजननं संवत्सरस्याद्यतां, राज्ञो राजकुले जयो विजयते मन्त्री फलं बुद्धिदम्। धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेःक्षेत्रेषु वृद्धिस्तया, सस्यं सर्वसुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादिफलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन

अथवा सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति स्थिति और लय कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्माकी आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१ वें वर्षके प्रथम दिनका उदय है। इस दिनकी १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है–एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौरमान से वर्ष-संख्या ४३२०००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है (ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है, विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्रकलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष, ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, ये छ मनु व्यतीत हो गये हैं, अब सातवाँ वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी गत होकर अठाइसवीं चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं, और यह २८वाँ कलियुग है।

अथ युगकाल व्यवस्था—सत्ययुग–कार्त्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम पहर श्रवण नक्षत्र वृद्धियोग में सतयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी, इसमें श्रीनारायणके मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह, ये ४ अंशावतार हुए, श्रीमत्स्यजी ने वेदोंके चोर शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये, भगवान् कच्छप ने पृथ्वी के रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मंथन करा कर चौदह रत्न प्रकट किये। श्रीवराहजीने हिरण्याक्ष का वध करके रसातल में गई हुई पृथ्वी का उद्धार किया। श्रीनृसिंहावतारने हिरण्यकशिपु का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएँ कामधेनु के समान होती थीं, प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी, एक बार बीज बोकर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेद के जानकार तथा सत्यभाषी पर-द्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वर प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियाँ पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। वैश्य लोग सत्यवक्ता धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष की थी, इसमें भगवान् के श्रीवामन, श्रीपरशुराम और श्रीरामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामनजी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्रीपरशुरामजी ने कर्तव्य विमुख एवं अन्यायी विलासिता के प्रेममें प्रमत्त अभिमानी क्षत्रियों-का नाश करके २१बार ब्राह्मणराज्य स्थापित किया था। श्रीरामचन्द्रजी ने महा-अभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में धर्म तीन पैर का रह गया था। गौवें त्रिकाल दूध देनेवाली होती थीं, प्रायः चाँदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्न्यून तपोनिष्ठ परस्त्री-परद्रव्यसे पराङ्मुख होते थे, वर शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियाँ चित्रिणी पतिव्रता होती थीं। इस युगमें सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियोंका राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वह इन्द्रलोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला में तोलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नमिषारण्य प्रधान था। **द्वापर**—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीयप्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरियान् योग में द्वापरयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु ८६४०००वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्रीबलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्णने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया, तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धारार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्रीबलदेवजी ने सामयिक लीला करते हुए दुष्टों का नाश करके धर्मका उद्धार किया। इस युग में धर्म दो पैर वाला रह गया था, गौवें दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देनेवाली होती थीं। प्रायः ताम्र पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी, एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मणलोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देव-पूजनादि करनेवाले किञ्चित लोभयुक्त वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और

शाप देने में समर्थ थे । स्त्रियाँ शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं । इस युग में धर्मप्राण चन्द्रवंशी राजा हुए । प्रायः चारों वर्ण अपने अपने वर्णाश्रम धर्म पर कायम थे, परस्त्री-परद्रव्य से लोग डरते थे । इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था । **कलियुग**—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है । इसमें भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म का उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका,और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा । इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ साथ न्यायपरायण क्षत्रियराज्य भी कायम होगा । इस युग में एक पैरवाला धर्म रह जायगा । गौएँ दूध कम देंगी मृण्मय पात्र और ताम्रपात्र तथा कर्गज मुद्रा प्रायः चलेगी । अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का सञ्चार होगा । ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे । क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे । वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेषरूप से उपयोग में लाने लगेंगे शास्त्र निन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से भी लाभ उठायेंगे, शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्णवालों के उपदेष्टा होंगे । प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा, धूर्तों की पूजा होगी, अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी । स्त्रियाँ ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी । पतिव्रता कहीं-कहीं देखने में आयेंगी । पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे । स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा । पिता कन्या-विक्रय करेंगे । गौ ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे । पुत्रों का माता पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा । राज्यव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा । धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी । इस युग में प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा ।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाचवदनःक्रूरः कलिश्च कलहप्रियः । धृत्वा वामकरे शिश्नं दक्षे जिह्वाश्च नृत्यति ॥ अथ कलिमाहात्म्यम्—धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरं गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योज्झितम् । राजानोऽर्थपरा ह्यरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः । साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ॥ निर्बीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्मकर्मरहिता विप्राः कुमार्गं गताः । भार्या भर्तृ विरोधिनी पररता पुत्राः पितुर्द्वेषिणो, हा ! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः ॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः । प्रसन्ना नीचाश्च अवनिपतयो दुष्टमतयो, जना शिष्टा नष्टा अहह ! कलिकालो विलसति ॥ कलौ गंगायाः स्थितिः । पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ, तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगव । **भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च**—यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो-दिवि कल्पपादपः । यावत्समुद्रं वड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते ॥ इति ॥ कलौ दश सहस्राणीति वाक्यमन्तिमकलौ ज्ञेयम्, नान्येषु कलिष्विति ॥

अथ वर्षराजादि फल विचार २०११

अथ श्रीमन्नृपतिधर्ममूर्ति-विक्रमादित्यानां राज्यसिंहासनाध्यासनादतीताब्दानि तत्संवताभिधः २०११ श्रीमन्नृपतिचक्रचूड़ामणि—शकजातियवननिर्बीजक-शालिवाहनराज्याद् गतहायनानि तत् शकाभिधः १८७६ श्रीकृष्णजन्म सं० ५१६० श्री महावीरनिर्वाण (जैन) संवत्सरः २४८०,—८१ ईस्वीसन् १९५४—५५ हिजरी सन् १३७३-७४ फसली सन् १३५९ वर्षादौ गुरुमानेन प्रभवादि षष्ठ्यब्दानां मध्ये विंशत्यां **प्लवंग नाम संवत्सरस्तस्य फलम्**—प्लवंगाब्दे सध्यवृष्टी रोग चौराकुलाधरा । अन्योन्यं समरे भूपाः शत्रुभिर्हृत भूमयः ॥ प्लवंग वर्षमें थोड़ी वर्षा पृथ्वी रोग तथा चोरों से व्याकुल होवे, राजा परस्पर युद्ध में प्रवृत्त हों और शत्रुओं से उनकी भूमि हरीजाय । जैनाचार्यों ने इसका विशेष फल कहा है, तद्यथा—प्लवङ्ग नाम संव्वत्सरे ब्रह्मा स्वामी, चैत्रे वैशाखे महर्घता, ज्येष्ठमध्ये राजपीड़ा, आषाढेऽल्पमेघः, भूमिकम्पः, हस्तिपीडा, तुरङ्गम महर्घता, श्रावणे महामेघो भाद्रपदाष्टमीतो महामेघः, आश्विने रोग चालकः, रसमहर्घता अश्वमहिषीपीडा, लोक पीडाच । **राजा सूर्यस्तस्य फलं** (सर्वदेशेषु)—सूर्ये नृपे स्वल्पफलाश्च मेघाः स्वल्पं पयो गोषु जनेषु पीडा । स्वल्पं सुधान्यं फलमल्पवृक्षाश्चौराग्निबाधा निधनं नृपाणाम् ॥ इस वर्ष का राजा सूर्य होने के कारण वर्षा कम हो, गायों के दूध कम रहे, मनुष्यों में पीडा, धान्य कम हो, वृक्षों में फल कम लगें, चौर एवं आग से हानि हो, राजाओं का विनाश हो ॥ **मन्त्री भौमस्तस्य फलम्**—(बाल्हीक मालवयोः)—अवनिजो ननु मन्त्रिकतां गतो भवति दस्युगदादिज वेदना । जनपदेषु जयः सुखसञ्चयो न बहु गोषु पयो द्विज कर्म च ॥ इस वर्ष मन्त्री भौम है अतः जनता को चोर एवं रोग से कष्ट हो, ब्राह्मण यज्ञादि कर्म अधिक करें, गायों में दूध काफी हो, जनपद व्याकुल रहें । **सस्येशः शुक्रस्तस्य फलम्** (पौण्ड्रविदर्भयोः)—शुक्रो यदा धान्यपतिर्धरायां मेघो जलं वर्षति शोभनं प्रियम् । गोधूमशालीक्षु धनप्रियङ्गु वृक्षेषु पुष्पाणि सुखप्रदानि ॥ इस वर्ष सस्येश शुक्र होने के कारण वर्षा अच्छी हो, गेहूँ, चावल ईख, प्रियङ्गु के वृक्ष खूब फूलें फलें ॥ **धान्येशो बुधस्तस्य फलम्**—बुधे धान्याधिपे मेघा जलंमुञ्चन्ति वै भृशम् । सैन्धवेलाटदेशे च माधवोऽल्पं च वर्षति ॥ बुध धान्येश हो तो वर्षा जोर से पड़े, सिन्ध एवं लाट देश में तो वर्षा की कमी ही रहे ॥ **मेघेशो भौमस्तस्य फलम्**—अवनिजे जलदस्यपतौ भुवि श्रुतिविचारविहीनधरामराः । क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमं बहुतापदम् ॥ भौम मेघेश हो तो ब्राह्मण लोग वैदिक विचार हीन हों, कहीं अत्यधिक वर्षा एवं कहीं वर्षा के सर्वथा अभाव से अनेक कष्ट हों ॥ **रसेशो रविस्तस्यफलम्**—रसपतिस्तरणि र्धरिणीतदा विरसभागरताल्पपयोधरा । वसन तैल-घृतप्रियमानवाः सुखरसं न भुनक्ति महीपतिः ॥ रसेश सूर्य होने के कारण रसों (दूध आदि) की कमी, वस्त्र, तैल, घी का कष्ट और राजाओं को कष्ट हो ॥ **नीरसेशः शुक्रस्तस्य फलम्**—कर्पूरागुरुगन्धानां हेममौक्तिक-वाससाम् । अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशोभृगुर्यदि । यदि शुक्र नीरसेश हो तो कपूर, अगर आदि सुगन्धित द्रव्य, सोना, मोती, व वस्त्र महँगे हों ॥ **फलेशश्चन्द्रस्तस्यफलम्**—यदिविधुःफलपो द्रुमराशयः फलयुतावलिभिः कुसुमैर्युताः । द्विजसखा वरभोगसमन्विता नृपतयो नयनाटन तत्पराः ॥ फलेश चन्द्र हो तो वृक्ष एवं लतायें फल फूलों से लदी हुई हों, ब्राह्मणों को अच्छे २ खाद्य पदार्थ मिलें, राजालोग न्याय शील हों ॥ **धनेशः शुक्रस्तस्य फलम्**—द्रविणपो भृगुजो द्रविणैर्युताः समधनाः सकला ननु मानवाः । समसुखाः क्रयविक्रयजीविनो नृपतयो जनपालनतत्पराः ॥ धनेश शुक्र है अतः इस वर्ष मनुष्य समान सम्पत्ति शाली हों, व्यापारमें प्रगति हो, राजा लोग प्रजापालन में तत्पर रहें ॥ **दुर्गेशो भौमस्तत्फलम्**—अवनिजोगढ़नायकतां गतो विविधदुःखवियोगसमन्विताः । जनपदेषु जनाः क्रयविक्रये भयविशेषतया न फलं क्वचित् ॥ इस वर्ष दुर्गेश भौम है अतः जनता दुःखी रहे, लेन देन में भय होने के कारण लाभ न हो ॥

नव मेघों में से कीलक नाम मेघ का फल—खण्डवृष्टी हो ।

द्वादश नागों में से तक्षक नाम नाग का फल—मृत्यु संख्या बढ़े ।

सप्त पवनोंमें से आवहनामक पवन का फल—अच्छी पवन चले इस वर्ष रोहिणीनिवास समुद्र में है, फल—महावृष्टि। वर्षका निवास माली के घर में है, फल—अच्छी वर्षा। संव्वत्की सवारी अश्व है। शनिकी दृष्टि पश्चिम में है, फल—पश्चिमी प्रदेशोंमें भय। इसवर्ष चन्द्रग्रहण एक है, आषाढ़ सुदि १५ को खण्ड ग्रास ग्रस्तास्त होगा। आषाढ़कृष्ण ३० को कहीं ग्रस्तास्त सूर्यग्रहण भी होगा। इस वर्ष सोमवती ३० नहीं है, बुधाष्टमी भी नहीं है। अथवर्षादीनांविश्वामानम्—वर्षा विश्वे ५, धान्य १३, तृण ११, शीत ५, तेज ५, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ११, तृषा ३, निद्रा १५, आलस्य ९, उद्यम ११, शान्ति ३, कोध ११, दम्भ ११, पाखण्ड ९, लोभ ७, मैथुन ९, रसनिष्पत्तिः १३, फलनिष्पत्तिः ११, उत्साह ३, उग्रता ११, पाप १५, पुण्य ११, व्याधि १३, व्याधिनाशः १, आचार ९, अनाचार ७, मृत्यु १५, जन्म १, देशोपद्रव १, देशस्वास्थ्य १, चौरभय ३, चौरनाश ९, अग्नि ३, अग्निशान्ति ३, टिड्डी ५, तोता १७, मूषक ३, सुवर्ण ३, ताम्र १३, स्वचक्र १३, परचक्र ३, अतिवृष्टि ११, अनावृष्टि ११, उद्भिज (वृक्षलता, क्षुपआदि) ३, जरायुज (मनुष्य एवं गौ आदि पशु) ३, अण्डज (पक्षी-तथा सर्प आदि) ३, स्वेदज (पसीने से उत्पन्न जूं आदि) ३, संव्वत् विश्वा १८।

वर्षस्तम्भ चतुष्टयविचार—इस वर्ष जलका स्तम्भ रुपयेमें लगभग १० आने है, फल—अच्छी वर्षा होवे। तृणका स्तम्भ लगभग ९ आने है, फल—तृण की उत्पत्ति मध्यम हो। वायुका स्तम्भ लगभग ७ आने है, फल—वायु मध्यम चले। अन्न का स्तम्भ लगभग ८ आने है फल—अनाज की उत्पत्ति मध्यम दर्जेकी हो।

आर्षमान (वर्ष रक्षाके ४ किले) पहिला आर्ष गत पौष की अमावस मूलका लगभग ८। विश्वे है। दूसरा आर्ष अक्षय ३ रोहिणीका लगभग १३ विश्वे है। तीसरा आर्ष श्रावण शु. १५ को श्रवण का लगभग १३ विश्वे है। चौथा आर्ष कार्तिक शु. १५ को कृत्तिका का ० विश्वे है।

आर्ष मान देखते हुए यह वर्ष प्रजाके लिये उत्तम नहीं दीखता है।

अखै तीज रोहिणी नहीं होई। पौष अमावस मूल न जोई॥
राखी श्रवणों हीन विचारो। कार्तिक पुन्यों कृतिका टारो॥
महीं माँह खलबली प्रकाशै। कहै 'भड्डुली' साख विनाशै॥

अथनववर्ष प्रवेशः—गत संवत् २०१० चैत्रकृष्ण ३० शनिवारको २६।२१ इष्टघटी लग्न ६ के ११ अंश पर नववर्ष प्रवेश होगा। सो इस वर्ष प्रजा में परस्पर विरोध हो, अनाज महँगा हो, पूर्व में चौपाये सस्ते, ईशानकोण के देशों में राज भय हो, घृत महँगा हो, मजीठ आदि सस्ते, बंगाल में कोई उपद्रव होवे।

वर्षेश लग्नम्—संवत् २०११ वि. चैत्रशुक्ल ११ सं. को इष्टघटी ३५।४४, लग्न ७ के २० अंश पर श्री सूर्यनारायण मेष राशिमें प्रवेश करेंगे। यहाँ लग्न को सूर्य शुक्रपूर्ण दृष्टि से देख रहे हैं, और लग्न में शनि भी है, अतः यह वर्ष प्रजा के लिये शुभ नहीं है। प्रजा में किसी प्रकार का आतङ्क फैले, जनता को शारीरिक कष्ट हो, खड़ी खेतियों को भी कई जगह हानि पहुँचे इस वर्ष का पहिला, तीसरा, सातवाँ मास प्रजा के लिये अशुभ है।

सूर्य का आर्द्रा प्रवेश कालिक फल विचार—संवत् २०११ वि. आषाढ़ कृष्ण ६ मंगलवार को इष्टघटी ०।२१ पर मिथुन लग्न में श्रीसूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। तिथि ६ का फल—प्रजा में धन, सम्पत्ति अधिक बढ़े, जनता सुखी हो। वार मंगल का फल—किसी महापुरुष पर शस्त्र का प्रहार हो, जिससे उसकी मृत्यु का भी भय है। नक्षत्र शतभिषा का फल—पृथ्वी पर जल अधिक हो। योग प्रीति का फल—जलकी कमी न रहे। प्रातःकाल का फल—प्रजा रोगग्रस्त हो। क्योंकि—आर्द्रप्रवेश की लग्न कुण्डली में चन्द्रमा जलचर राशि का होकर त्रिकोण में स्थित है, जिसे अस्त गुरु देख रहा है, अतः वर्षा मध्यम होवेगी, अनाज की उत्पत्ति भी मध्यम होगी।

अर्थलाभ व्यय चक्रम्

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
लाभ	१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११
व्यय	११	५	२	१४	११	२	५	११	५	५	५	५

लाभव्यय देखने की रीति—लाभ और व्यय के अंकों को जोड़कर एक घटावे, और ८ का भाग देवे शेष १।२।६।७ बचे तो उस वर्ष में लाभ उत्तम होवे, और शेष ३।४।५।०० बचें तो लाभ बहुत कम होवे, और चिन्ता भी रहे।

वर्षलग्नम्



वर्षेश (जगल्लग्नम्)



आर्द्रा प्रवेशलग्नम्

जन्म लग्न जन्मराशि और वर्ष लग्न से यदि वर्षेशलग्न (जगल्लग्न) ८वाँ १२ वाँ हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होता।

अथ व्रतोत्सवपरिचय

पञ्चाङ्गों में प्रायः सर्वत्र व्रतोत्सव पर्वों का उल्लेख रहता है, इनकी सृष्टि मनोविनोद ही के लिए नहीं हुई है, किन्तु यह सत्कर्म के प्रवर्तक तथा जातीय इतिहास के अटल स्मारक हैं। परन्तु खेद इस बात का है कि जनता में आमोद-प्रमोद वर्धन होने पर भी अब भक्ति उत्साह कम होने लगा है।

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा—चैत्र शु० १ को प्रातः बिस्तर से उठते समय जिस का चन्द्र (बायाँ) स्वर चलता हो उसे उस वर्ष में लाभ और आरोग्यादि सुख मिलते हैं। यदि सूर्य (दाहिना) स्वर चलता हो तो अशुभ अथवा साधारण वर्ष निकलता है। यदि स्वर ठीक न हो तो दाहिनी करवट लेटे रहे जब चन्द्र स्वर चलने लगे तब ईश्वरस्मरण पूर्वक उठ बैठना चाहिये, जिससे अशुभ फल कम हो। आज घर को सब प्रकार से सुसज्जित करके दरवाजों पर ध्वजा तोरणादि लगाना चाहिये, नया वर्ष सुख से व्यतीत हो इस कारण आज अवश्य ही आनन्द मनाना चाहिए, कालीमिर्च, हींग, लवण, जीरे को [illegible]

से वर्ष भर में होनेवाले तीव्र ज्वर तथा रक्त विकारादि रोग नहीं होते, इसी दिन ब्रह्माजी ने प्रथम जगत् को रचा है, इस दिन ब्रह्माजी का पूजन एवं वर्षेशादिकों का फल श्रवण करना चाहिए, और सर्व प्रकार से शक्ति सम्पन्न होने के लिए कलशस्थापनपूर्वक प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त श्री दुर्गाका पूजन पाठ तथा हवन करना या कराना चाहिए।

गणगौरीव्रत—चैत्र शु० ३ के दिन सौभाग्यवती स्त्रियों को श्रीमहादेव गौरी का कुंकुम अगर वस्त्रालङ्कारादि से यथाशक्ति पूजनपूर्वक रात्री में जागरण करना चाहिए। दूसरे दिन प्रातः दक्षिणा देने से सौभाग्य और वंश वृद्धि होती है।

श्रीरामनवमी—इस दिन धर्म की मर्यादा सुदृढ़ करने के लिए भगवान श्री रामचन्द्रजी का अवतार हुआ था, अतः इस जयन्ती को व्रत पूजन जागरणोत्सव करनेका विशेष माहात्म्य है।

श्रीपरशुराम जयन्ती—वैशाख शु० ३ को कर्त्तव्यविमुख एवं विलासिता के मद में प्रमत्त क्षत्रियों के अभिमान को दूर करने के लिये भगवान श्री परशुरामजी ने अवतार लिया था, इस दिन भगवान परशुराम का पूजन तथा उत्सव मनाने का विशेष माहात्म्य है। (श्रीमदमृतवाग्भवाचार्य्यप्रणीतश्रीपरशुराम स्तोत्र पढ़ना चाहिये)।

गंगासप्तमी—आज पतितपावनी भगवती भागीरथी के स्नान पूजन का बड़ा पुण्य है॥

नृसिंहचतुर्दशी—"भक्ति चाहिए परमात्मा कहाँ नहीं है" इस सिद्धान्त को पुष्ट करने के लिये भगवान नृसिंहजी ने इस दिन सायङ्काल के समय प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त प्रल्हाद को अभय किया, अतः इस दिन व्रत पूजन का विशेष पुण्य है।

गंगादशहरा—इस दिन गङ्गादि यथा लब्ध नदियों में स्नानपूर्वक कुशसहित तिलोदक देने से मनुष्य दश पापों से निवृत्त होकर विष्णु लोक को जाता है॥

गुरुपूर्णिमा—त्रिताप से बचाकर जीव को कल्याण की ओर अग्रसर करने वाले श्री गुरुदेव की पूजा तथा भेंट आज अवश्य करनी चाहिए॥

नागपंचमी—"समः शत्रौ च मित्रेच" का सिद्धांत पुष्ट करने को तथा भगवान की विभूति पूजनार्थ पांच फण वाले विभूतिमान नागदेव के पूजन का विधान है, विभूति पूजा का अभिप्राय उसके शरीर की पूजा नहीं, किन्तु शरीर के द्वारा परमात्मा के अंश का जितना विकाश हुआ है उस की पूजा है॥ **उपाकर्म श्रावणी**—विशेषकर ब्राह्मणों एवं अव्रात्य यज्ञोपवीत धारी क्षत्रिय वैश्यों को श्रावणी अवश्य ही करना चाहिए, इसके करने से कर्ता तेजस्वी और पाप रहित होता है, यह ब्राह्मण जाति का मुख्य त्योहार है, शोक है कि हमारे देश में बहुत से ब्राह्मण भाई भी इस काम से दूर भागते हैं।

जन्माष्टमी—भारत के विधाता तथा भारत के अन्तिमपथप्रदर्शक भगवान श्रीकृष्ण चन्द्रका जन्म अर्ध रात्रि के समय व्रज में हुआ था, शास्त्रों में आज के व्रत पूजन एवं जागरणोत्सव का विशेष माहात्म्य लिखा है। **अनन्त चतुर्दशी**—विष्णुप्रीत्यर्थं भगवान अनन्त का धारण और षोडशोपचार से पूजन तथा कथा श्रवण करना चाहिये।

विजयादशमी—यह क्षत्रिय प्रधान त्योहार है, विजय कामना से भगवती अपराजिता का पूजन करके विजया दशमी में राजाओं को युद्धोपयोगी शस्त्र अश्वादि पूजन पूर्वक सायंकाल में मार्गपाली बांधकर विजय का शकुन मनाना चाहिए, भगवान श्री रामचंद्रजी ने भी अपनी वानरी सेना को साथ लेकर इसी दिन प्रस्थान कर रावण के दश सिर हरण करने के लिये लंका पर चढ़ाई की थी, इसी कारण से इस दिनका नाम दशहरा पड़ा।

शरद पूर्णिमा—इस दिन दूध क्षीरादि श्वेत पदार्थ और श्वेत वस्त्र भगवान को चाँदनी में अर्पण कर, लक्ष्मी तथा इन्द्र के पूजनोपरान्त जागरण भी करना चाहिए। **करक (करवा) चतुर्थी**—स्त्रियों को स्थिर सौभाग्य प्राप्त्यर्थ इस व्रत को अवश्य करना चाहिए, खेद है कि इस व्रत के विषय में वामन पुराण की शास्त्रीय कथा के स्थान में कल्पित भूत की कथा प्रचलित हो रही है वह ठीक नहीं, इस व्रत में चंद्र, शिव, स्वामी कार्तिक, गणेश, गौरी का पूजन कुंकुमादि से करना लिखा है, तदनन्तर चंद्रोदय समय चंद्रार्घ्य देकर व्रत का पालन करना चाहिए। यह व्रत स्त्रियों को सच्ची अर्धाङ्गिनी बनाने का उपदेश देता है, और बतलाता है कि पति के हित में ही स्त्री का हित है, स्त्रियों को चाहिए कि लौकिक पारलौकिक कोई भी कर्म अपने उद्देश्य से न कर पति के उद्देश से ही करें, वैसे तो "तपःप्रधाना नार्यः" लिखा है, परन्तु सौभाग्यवती स्त्रियों को पति की आज्ञा बिना अन्य व्रत करने का विधान नहीं है (हाँ, आज्ञा लेकर कर सकती हैं) स्त्रियों को व्रतादिसाधनों में उतना ही लगना चाहिए जितने में उनके प्राण पति को कष्ट न हो, उक्तञ्च-(पत्युराज्ञां बिना नारी उपोष्य व्रतचारिणी। आयुष्यं हरते भर्तुः सा नारी नरकं व्रजेत्॥

अहोई अष्टमी—पञ्जाब तथा बंगाल प्रांत में इस दिन पुत्रों वाली माताएँ व्रत रख कर रात्रि को भगवती काली का पूजनार्चन करके बच्चों को पकवान भरे बर्तन दिया करती हैं।

दीपावली—यद्यपि यह वैश्य प्रधान त्योहार है, तथापि सब वर्णों की श्री लक्ष्मीजी का पूजनार्चन दारिद्रच निवृत्यर्थं प्रदोष काल में करना चाहिये। राजा बलि के जेलखाने में समस्त देवी देवताओं के साथ लक्ष्मी भी कैद थी, उनको भगवान विष्णु ने आज के दिन ही छुड़ाया था।

अन्नकूट—आज नाना प्रकार के पदार्थ बनाकर भगवान को भोग लगाने का और गौओं की सेवा का विशेष माहात्म्य है॥ **गोपाष्टमी**—आज सायंकाल गौओं को पुष्पमालाओं से अलंकृत करके मिष्टान्न देकर उत्सव मनाना चाहिए।

भीष्म पंचक—महाभारत के अन्त में शरशय्या पर लेटे हुए भीष्मपितामह ने महाराजा युधिष्ठिर को सम्बोधन कर राजधर्म १, मोक्षधर्म २, नारीधर्म ३, पुरुषधर्म ४, और वर्ण धर्म ५, आदि पर अनेक अमूल्य उपदेश किये थे जिनकी प्रशंसा भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं की है, जो सम्पूर्ण कार्तिक स्नान न कर सके वह भीष्म पंचक में स्नान व्रत दान से अतुल पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

संकटचतुर्थी—इस दिन भगवान गणेश का व्रत रखकर चन्द्रोदय समय यथा लब्धोपचार भगवान गणपति का पूजन करे और तिलमोदक भुग्गों का नैवेद्य लगाकर व्रतोपारण करे तो सर्व संकट दूर हों, इस दिन कथा श्रवण का विशेष माहात्म्य है॥

वसन्तपंचमी—यह कान्ति एवं पुरुषार्थ प्रद ऋतुराज का प्रारम्भिक उत्सव है, अपने इष्टदेव को गुलाल आदि समर्पण कर उत्सव मनाना चाहिये।

श्रीमहाशिवरात्रि—इसी दिन प्रदोष वा अर्द्धरात्री के समय भगवान शङ्कर के पूजन का विशेष माहात्म्य है, व्रत रख कर रात्री को जागरण करने से शिवलोक की प्राप्ति होती है। **सूचना**—यद्यपि अधिकांश हमारे धार्मिक व्रत ऐसे हैं कि जिनमें निर्जल रहने का विधान है जैसे राम नवमी, जन्माष्टमी, शिवरात्रि आदि, परन्तु यह विधान अशक्त बाल-वृद्ध रोगी के लिए नहीं है।

अवतार तथा दिग्विजयी विश्वविख्यात महापुरुषों की कुंडलियें

श्री गणेश जी

गु.—ज्ञान के अधिष्ठाता आदिपूज्यता, गौरव-प्राप्त, सू. मं. महान् प्रभाव-शाली तेजस्वी ।

श्री हनुमान जी

गु.—बुद्धिमतां वरिष्ठ श. मं. वीराग्रणी, तेजस्वी बु. शु. सू. स्त्रीवियोगी, ब्रह्मचारी, निस्पृह ।

श्री महावीर स्वामी

मं. गु. शु. श. सू. महान् त्यागी ज्ञानागार, वन्द्य, धर्मप्रतिष्ठापक, तेजः पुञ्ज, चिरकीर्ति ।

श्री गुरुनानक देव



गु. शु. चं. नव मतप्रवर्तक योगनिष्ठ, उपदेष्टा, महापुरुष, सिद्धियुक्त । गु. मं. वन्द्य अमरकीर्ति

श्री स्वामी रामतीर्थ



गु. शु. मं. श. तत्त्वचिन्तक, योगनिष्ठ, ज्ञानागार तेजस्वी, निर्लिप्त चं. सू. जलसमाधि ।

श्री स्वामी विवेकानन्द



गु. श. चं. शु. बु. प्रतिभासम्पन्न महान् योगी तत्त्वज्ञ तार्किक, उपदेष्टा, तेजस्वी, यात्री ।

महाराणा प्रताप,



श. मं. सू. गु. रा. वीराग्रणी, तेजस्वी, त्यागी, कष्टसहिष्णु धार्मिक, गु. चं. शुद्धान्तःकरण, ज्वलन्त देशभक्त स्वाभिमानी ।

श्री पृथ्वीराज चौहान

श. रा. गु. बु. तेजस्वी शासक, संघर्षरत चं. सू. मं आप्त मित्र पारिवारिक एवं शत्रु द्वारा आवृत, तथा विपत्तिग्रस्त, गुरु चं. राजयोग भंग ।

लोकमान्य तिलक



गु. चं. विविधशास्त्र-ज्ञानागार, तेजस्वी, वन्द्यवीर यशस्वी, मं. गु. जननायक, राष्ट्रनिर्माता, संघर्षरत, सू. रा. सरोग शरीर ।

श्री भक्त नामदेव जी



चं. गु. बु. शु.

निर्मलमति, भक्ति एवं दया सम्पन्न, जीवनमुक्त, निरपेक्ष ।

श्री छत्रपति शिवा जी



मं. श. गु. शु. सू. राजयोग, चं. शु. गु. उदार, सफल लोकशासक गुरुभक्त धर्मनिष्ठ, नरसिंह

महात्मा ईसामसीह



गु. शु. महान् त्यागी, दयालु तत्त्वचिन्तक नवमतप्रदर्शक, चं. शूल-मरण राजावरोध ।

अथ केरलमते प्रश्न-विचार

प्रातःकाले वदेत्पुष्पं मध्यान्हे तु फलं वदेत्। सायंकाले वदेन्नद्यः रात्रौ तु देवतां वदेत्॥

ध्वज	धूम्र	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	ध्वांक्ष	अष्टकवर्गः
अइउएओ	कखगघङ	चछजझञ	टठडढण	तथदधन	पफबभम	यरलव	शषसह	प्रश्नाक्षराणि
अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	प्रश्ननिर्णयः
धातु	धातु	मूल	जीव	जीव	जीव	मूल	जीव	प्रश्नः
कुशल	रोगी	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	कुशल	रोगी	प्रवासीप्रश्नं
स्थिर	महाकष्ट	चंचल	चंचल	महाकष्ट	स्थिर	स्थिर	कष्ट	प्रवासीचरादि
समीप	समीप	दूर	पुनर्गतः	मार्गस्थं	मार्गस्थं	दूरस्थ	पुनर्गत	प्रवासीगमार्ग
स्वल्प	सप्त	एकविंश	१ मास	सार्धमा	२ मास	६ मास	१ वर्ष	प्रश्नदिनानि
पत्र	अस्थि	फल	काष्ट	धान्य	तृण	जीव	पुष्प	मुष्टि प्रश्न
गोधूम	तिल	पीतान्न	दाल	तण्डुल	चणे	गुड़	यव	धान्य ज्ञान
कौसुंभा	श्वेत	लोहितांग	पांडुनील	पीत	आकाश	श्याम	मिश्र	मुष्टि वर्ण
सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	रोगी प्रश्नः
